हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 4 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

10 वर्तमान में समस्याओं व परेशानी के मूल में...



12 5 कक्षा..32 विद्यार्थी और एक शिक्षक, बच्चे कैसे...





## खबर संक्षेप

### 'मैनपुर में श्री शिवमहापुराण कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह 19 से



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय में श्री शिव महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन की तैयारी जोरशोर से की जा रही है। मैनपुर के शांतिनगर में 19 जनवरी से 25 जनवरी तक श्री शिवमहापुराण कथा ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कथा व्यास पंडित नंदकिशोर चौबे महाराज रहेंगे। आयोजन को लेकर राष्ट्रीय बजरंग दल मैनपुर द्वारा जोरशोर से तैयारी किया जा रहा है।

### ग्राम तूता में मड़ई-मेला और अनुराग धारा कल

**अभनपुर।** तूता नवा रायपुर मे ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियो के सहयोग से मड़ई मेला उत्सव का आयोजन 5 जनवरी को रखा गया है जिसमे रात्रिकालिन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच अनुराग धारा (कविता वासनिक) की प्रस्तुती होगी। उक्त जानकारी झड़ी राम पटेल द्वारा दी गई है।

### रबी फसल धान के लिए सिकासेर से पानी देने की मांग

**छुईहा बेलर।** रबी सीजन में धान फसल लेने के लिए सिकासेर जलाशय से सिंचाई पानी देने की मांग की है। इस बार जलाशय में पर्याप्त पानी भरा है। इसीलिए किसान सरकार की विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में पानी मांग की आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं। पिछले कई सालों से किसान रबी फसल मांग कर रहे हैं लेकिन सफल नहीं हुए हैं। वर्तमान सरकार एवं विधायक की वायदे से उम्मीद जागी है। इसी अपेक्षा के साथ बोड़की, चरौदा, छुईहा जमाही,परसदाकला, पतोरा, सहित दर्जनभर गांव के किसानों की मांग पत्र अमूमन सभी शिविरों में दिया गया है। हर साल रबी फसल मांग की अगुवाई क्षेत्र के किसान परमेश्वर साहू साथ सैकड़ों किसान करते हैं। इस बार भी राजिम विधायक रोहित साहू से मांग को दोहराया गया है। विधायक ने किसानों की इस मांग को विभागीय मंत्री सहित मुख्यमंत्री से अवगत कराने आश्वस्त किया है।

**हो सकता है निर्णय :** गरियाबंद जिला जल उपयोग समिति की बैठक कलेक्टर की अध्यक्षता में होने वाली है। जिसमें रबी फसल कार्यक्रम 2024 का सिंचाई कार्यक्रम में लक्ष्य निर्धारण,रबी फसल के लिए आवश्यक खाद, बीज ,दवाई, जलाशय में उपलब्ध जलभराव, आवश्यक निस्तार के लिए अंतिम छोर तक पानी, जनप्रतिनिधि एवं किसानों के सुझाव पर चर्चा सम्भावित है। इस बैठक का निर्णय महत्वपूर्ण है। किसानों को इस बैठक से काफी आशा है।

# श्रीलंका से अयोध्या के लिए निकली माता सीता की चरण पादुका किरवई पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

श्रीलंका से आयोध्या के लिये निकली माता सीता की चरण पादुका का राजिम क्षेत्र के ग्रामीण बेलटुकरी आगमन हुआ। प्रभु श्रीराम व माता सीता की चरण पादुका का मारुति यज्ञ समिति, राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू तथा ग्रामवासियो के नेतृत्व में भव्य स्वागत, अभिनंदन व पूजा अर्चना किया गया। विधायक रोहित साहू व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू अपने सिर पर चरण पादुका रखकर कार्यक्रम स्थल गौरव मंच लेकर पहुँचे जहाँ यज्ञ कार्यक्रम में उपस्थित विशाल जनमानस ने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि भगवान श्री राम का ननिहाल हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश है। 22 जनवरी को उनके जन्मस्थान अयोध्या में होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व उनके चरण पादुका का हम सबको दर्शन व पूजन करने का सौभाग्य मिला है, यह चरण पादुका 22 जनवरी को उनके भव्य मंदिर अयोध्या उत्तरप्रदेश में स्थापित होगी। उन्होंने कहा कि श्रीलंका से 15 दिसम्बर से निकली चरण पादुका शोभायात्रा 8 राज्यों से होते हुए गुजरेगी। उसके बाद अयोध्या में जाकर स्थापित होगी।

**खास बातें**
- सिर पर रखकर विधायक रोहित साहू और जिला पंचायत सदस्य शेखर ने की पूजा
- चरण पादुका 22 जनवरी को राम मंदिर अयोध्या उत्तरप्रदेश में स्थापित होगी



**ये रहे उपस्थित**
इस अवसर पर स्वामी सिद्धेश्वरानंद जी सरपंच भावना रामप्रकाश देवांगन, उपसरपंच धनंजय साहू, पूर्व सरपंच पुराणिक साहू, चेमन धीवर, कमलनारायण साहू, तुकाराम तारक, रेखराम तारक, महेंद्र देवांगन, किशोर साहू,विजय कंडरा, नेहरू साहू, राजू साहू, सावंत साहू, देवनाथ साहू, हिच्छू हिरवानी, कौशल साहू, देवलाल साहू, हरिचंद्र साहू आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## व्यवस्था: हर गांव में मनरेगा के माध्यम से ग्रामीणों को मिल रहा काम

# गरियाबंद जिला मनरेगा में काम देने में राज्य में अव्वल, 62 हजार लोगों को मिला काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में कृषि कार्य से धीरे-धीरे निवृत्त हो रहे श्रमिक को मनरेगा में रोजगार मिल रहा है। मनरेगा योजना से जुड़े श्रमिक प्रतिदिन तालाब गहरीकरण, नया तालाब निर्माण, डबरी निर्माण, मिट्टी सड़क, नहर सफाई के कार्यों सहित अन्य मजदूरीमूलक कार्यों में मेहनत करते हुए रोजगार प्राप्त करते हुए परिसंपत्तियो का निर्माण कर रहे हैं।

- जिले में मनरेगा के चल रहे 1686 कार्य

2 जनवरी को मनरेगा के 1686 कार्यों में 61 हजार 595 श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराया गया। जिला मनरेगा में लोगों को काम देने में राज्य अव्वल है। यह आंकड़ा अब और बढ़ेगा क्योंकि किसान फसल कटाई के कार्य से धीरे-धीरे निवृत्त हो रहे हैं।

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रीता यादव ने बताया कि जिले में कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में मनरेगा का कार्य सुचारु रुप से संचालित किया जा रहा है। मनरेगा का उद्देश्य हर हाथ को काम मिले। मांग आधारित योजना के माध्यम से लोगों को रोजगार की प्राप्ति हो।

इसलिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कार्यों को शुरू करते हुए जॉबकार्डधारी परिवार को रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। ताकि गांव से पलायन की स्थिति निर्मित न हो। कलेक्टर ने जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी को नियमित रुप से मनरेगा के कार्यो की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं।



**304 ग्राम पंचायतों में चल रहा काम**

जिले की 336 ग्राम पंचायतों में से 304 ग्राम पंचायतों में 1686 मनरेगा के कार्य चल रहे हैं, जिनमें 61 हजार 595 मजदूरों को रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। जैसे-जैसे धान को बेचकर किसान फुर्सत हो रहे है, वैसे-वैसे मनरेगा कार्यों में सहभागिता बढ़ती जा रही है। जिले की जपनद पंचायत छुरा में 66 ग्राम पंचायतों में 351 कार्यों में 15 हजार 545 श्रमिकों को काम दिया जा रहा है। इसी तरह जनपद पंचायत देवभोग में 52 ग्राम पंचायतों में 278 कार्यों में 7 हजार 961 श्रमिको को काम दिया जा रहा है। जनपद पंचायत फिंगेश्वर में 53 ग्राम पंचायतों में 196 कार्यों में 5 हजार 347 श्रमिक काम करते हुए रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। जनपद पंचायत गरियाबंद में 62 ग्राम पंचायतों मे 403 कार्यों में 16 हजार 348 श्रमिकों को कार्य दिया जा रहा है। जनपद पंचायत मैनपुर में 71 ग्राम पंचायतों में 458 कार्यों में 16 हजार 394 श्रमिकों को काम दिया जा रहा है। जिससे श्रमिकों को पलायन से मुक्ति मिल रहा है

## चरित्र संदेह पर पति ने पत्नी के पर किया प्राण घातक हमला



**मैनपुर।** थानांतर्गत एक पति ने अपने पत्नी पर चरित्र संदेह पर प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

पुलिस के अनुसार प्रार्थी ने अपनी बेटी सुकरी बाई का करीब 10–12 साल पहले केशबो मरकाम के साथ शादी की थी। केशबो मरकाम द्वारा पत्नी सुकरी बाई को चरित्र शंका कर लगातार गालीगलौज कर मारपीट करता था। एक जनवरी को रात करीब 8.30 बजे सुकरीबाई को केशबो मरकाम रात में गाली गुप्तार कर रहा था। केशबो ने अपनी पत्नी सुकरी बाई को तुम्हारा पेट में जो बच्चा है, वह मेरा नहीं है। तू मेरे घर से निकल जा नहीं तो जान से मार दूंगा बोल रहा था। सुकरी बाई ने कहा कि नहीं जाउंगी तो केशबो मरकाम ने हत्या करने की नियत से आक्रोश में आकर घर में रखे धारदार हथियार से सुकरी बाई के सिर पर प्राणघातक हमला किया। साथ ही शरीर में अन्य जगहों पर मारपीट किया है। केशबो मरकाम द्वारा सुकरीबाई को हत्या करने के नियत से ▶▶| शेष पेज 10 पर

## राजिम भक्तिन माता जयंती समारोह की तैयारी जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ द्वारा 7 जनवरी को राजिम भक्तिन माता जयंती समारोह की तैयारी का जायजा लेने साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू बुधवार को राजिम पहुचे। यहां उन्होने मंच एवं भोजनालय व्यवस्था तथा नदी के बीच समतलीकरण करने कहा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ,अखिल भारतीय तैलिकसाहू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत क्षीर सागर,उप मुख्यमंत्री अरुण साव और साहू समाज के सभी विधायक एवं सांसद उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में साहू समाज के नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान किया जाएगा।

- समाज के अध्यक्ष तैयारी का जायजा लेने पहुंचे

जानकारी के मुताबिक कार्यक्रम के प्रथम सोपान में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रमुख अतिथि पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता टहल सिंह साहू की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। आयोजन की तैयारी समीक्षा में छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल सिंह साहू के साथ गरियाबंद जिला साहू संघ अध्यक्ष नारायण साहू, छत्तीसगढ़ प्रदेशसाहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर ▶▶| शेष पेज 10 पर

## चैतरा में युवक का शव फांसी में लटका मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

थाना फिंगेश्वर अंतर्गत ग्राम चैतरा का युवक पवन उर्फ परदेशी यादव उम्र 25 वर्ष का 1 जनवरी को सुबह लगभग 10 बजे चैतरा गांव से लगे एनीकट के पास जंगल में फांसी में लटका शव मिला है। सूचना पर परिजन पहुंचे। परिजन इस घटना से स्तब्ध थे और परिवार में कोहराम मच गया। घटना के बाद परिजन ने थाने में सूचना दी। पुलिस ने पंचनामा उपरांत पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

- छुईहा में युवती की मौत, जांच शुरू

### कई बिंदुओं पर होगी विवेचना

थाना प्रभारी फिंगेश्वर जीतेन्द्र वीजयवार ने कहा कि ग्राम चैतरा निवासी पवन उर्फ़ परदेशी की फांसी में लटका पाए जाने की सूचना मिली है। शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। घटना को विवेचना में लिया गया है। वही की युवती की मृत्यु संदिग्ध परिस्थिति होने की जानकारी आई। संज्ञान में लेकर एसआई प्रहलाद ठाकुर को छुईहा मुआयना के लिए भेजा गया था। परिवार अभी शोक में है। उसके उपरान्त कई बिंदुओं पर विवेचना होगी।



**छुईहा में युवती की संदिग्ध परिस्थिति में मौत**

छुईहा निवासी 22 वर्षीय युवती की 31 दिसंबर को रात 7 बजे संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। युवती की फांसी लगाकर मौत होना बताया जा रहा है। चर्चाओं के अनुसार घटना से पहले किसी बात को लेकर पीड़ित लड़की से मारपीट की गई थी। उसके कुछ देर बाद लड़की की मौत की खबर फैली, देखने हूजूम लग गया । परिवार ने 1 जनवरी सुबह अंतिम संस्कार कर दिया गया है। पुलिस थाना प्रभारी जितेन्द्र विजयवार को सूत्रों से खबर लगी तो पुलिस अधिकारी एस.आई. प्रहलाद ठाकुर को 1 जनवरी को 12 बजे घटना निवास स्थल छुईहा भेजा गया। तब तक दाह संस्कार हो गया था। पुलिस ने मृतक के भाई चूड़ामणी यादव से प्रारम्भिक पूछताछ की है। परिवार के शोक में होने के कारण अभी पूछताछ नहीं हो पाई है।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम-वीवीपेट वेयरहाउस का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने गरियाबंद के तहसील कार्यालय परिसर स्थित वेयरहाउस में ईवीएम - वीवीपेट स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

- सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वेयरहाउस में चुनाव के दौरान उपयोग हुए ईवीएम - वीवीपेट और एफएलसी के दौरान अतिरिक्त मशीनों को रखा गया है। यहां वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। निरीक्षण के दौरान सभी सुरक्षा व्यवस्था सही पाई गई।

कलेक्टर ने वेयरहाउस में रखे गए निर्वाचन सामग्रियों के सुरक्षा के लिए निरंतर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश मौके पर मौजूद अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल सहित राजनीतिक दल के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## आपदा पीड़ितों को 4 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** प्राकृतिक आपदा में मृत्यु होने पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गरियाबंद के प्रस्ताव अनुसार ग्राम पारागांव निवासी कंवली बाई उर्फ कौलीबाई की मृत्यु कुंए में डूबने से होने पर कलेक्टर आकाश छिकारा ने उनके निकटतम परिजन रामकृष्ण ध्रुव को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

### नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण लोगों को तय करनी पड़ रही लंबी दूरी

## बिन्द्रानवागढ़ विधायक को मैनपुर व देवभोग में सरकारी आवास उपलब्ध कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र नक्सल प्रभावित क्षेत्र के नाम से जाना जाता है। 15 वर्षों बाद कांग्रेस के विधायक चुने गए जनक ध्रुव को एक माह बाद भी सरकारी आवास नहीं मिलने के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक से क्षेत्र की जनता प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में समस्याओं को लेकर तथा मिलने पहुंच रहे हैं। जगह के अभाव में विधायक को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के कांग्रेसियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा, कलेक्टर आकाश छिकारा, पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले से मांग की है कि विधायक श्री ध्रुव को सरकारी आवास तहसील मुख्यालय मैनपुर एवं देवभोग में तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की है। कांग्रेसियों ने कहा कि यदि जल्द सरकारी आवास उपलब्ध नहीं कराए जाने पर टेंट लगाकर विधायक ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे और मुलाकात करेंगे।



- सरकारी आवास के अभाव में टेंट लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनने की तैयारी

ज्ञात हो कि बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्रफल की दृष्टि से काफी लंबा और चौड़ा है। लगभग 180 किलोमीटर के क्षेत्रफल में यह विधानसभा बसा हुआ है। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के अधिकांश क्षेत्र नक्सल प्रभावित क्षेत्र है जहां अनेक नक्सली घटनाएं पूर्व में देखने को मिला है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से तीन किलोमीटर दूर ग्राम नाहनबिरी में विधायक का निवास है। उनके मकान में जगह की कमी और पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**ये रहे शामिल**
कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि हेमसिंह नेगी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपील, सेवादल अध्यक्ष अशोक दुबे, डोमार साहू, आदिवासी कांग्रेस जिलाध्यक्ष खेदू नेगी, जन्मजय नेताम, वरिष्ठ नेता इम्तियाज मेमन, जाकिर रजा, रामसिंह नागेश, थानु पटेल, भानू सिन्हा, नेयाल नेताम, पिलेश्वर सोरी, जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी, हरचन्द्र ध्रुव, दुलेश्वरी नागेश, टीकम कपील सहित क्षेत्र के लोगों ने मांग की है।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठकों के लिए
पाठक पुरस्कार योजना-2023
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अवगत कराया जाता है कि पाठक पुरस्कार योजना का कूपन फार्मेट का प्रकाशन 5 जनवरी को किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### मुखबिरी का आरोप लगाते हुए की मारपीट

**महासमुंद।** चार लोगों ने एक युवक पर मुखबिरी का आरोप लगाते हुए जमकर मारपीट करते हुए चोट पहुंचाया है। सरायपाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद हुसैन पिता मुहम्मद आमीन 20 वर्ष को जावेद, प्रवीण, बिल्लू और अंसार हुसैन द्वारा पुलिस का मुखबिर कहते हुए अश्लील गाली गलौच करते हुए मारपीट की है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### किशनपुर में 3 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम किशनपुर में एक युवक से तीन लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। जानकारी के मुताबिक अजय राणा पिता गौतम राणा 21 वर्ष निवासी किशनपुर द्वारा अवैध रूप से बिक्री के लिए महुआ शराब रखा था, जिसे पुलिस ने दबिश देकर आरोपी सहित पकड़ा। आरोपी के कब्जे से 3000 एमएल महुआ शराब कीमती 600 रूपए जब्त कर आबकारी एक्ट 34 (ए) के तहत कार्रवाई की है।

### नए मोबाइल सिम लेने के लिए देनी होगी बॉयोमेट्रिक डिटेल

**महासमुंद।** नए मोबाइल सिम लेना अब आसान नहीं होगा। नए साल से सिम कार्ड के लिए बॉयोमेट्रिक डिटेल देनी होगी। वहीं, दूसरे के नाम पर चलाए जा रहे सिम उपभोक्ता को अपने नाम पर ट्रांसफर कराना होगा। ऐसा नहीं करने पर बैंक, एलपीजी सहित अन्य जगहों पर दिए गए मोबाइल नंबर अमान्य किया जा सकता है। वहीं, नए साल से दो या उससे ज्यादा साल से पुराने इनएक्टिव अकाउंट को बंद कर दिया जाएगा। नया नियम स्कूल और पर्सनल अकाउंट पर लागू नहीं होगा। नया साल शुरू हो चुका है। इसके साथ ही आपकों कुछ खास बातों का ख्याल रखना होगा। खासकर, मोबाइल यूजर्स हैं और अपने सारे काम ऑनलाइन करते हैं, तो उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। एक जनवरी से नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया यानी एनपीसीआई नई पॉलिसी लागू कर रहा है। इसके तहत एक या उससे ज्यादा साल से इनएक्टिविट यूपीआई आईडी को ब्लॉक कर दिया जाएगा।





# वर्तमान में समस्याओं व परेशानी के मूल में समाहित होता है आस्था का संकट, आदर्शों व मर्यादाओं की अवज्ञा भी शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

ईश्वर के अस्तित्व को मानने और देवस्थानों पर प्रतिमा के सामने सिर झुकाने वालों का अभाव नहीं है। अभाव है उन व्यक्तियों का जिन्हें सच्चे अर्थों में आस्तिक कहा जा सके। भगवान के अस्तित्व को अस्वीकार करने वाला उतना नास्तिक नहीं है , जितना कि उसे मानते हुए भी आदर्शों और मर्यादाओं की अवज्ञा करने वाला होता है ।

उक्त बातें जिले के ग्राम कोचवाय में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ और प्रज्ञा पुराण के समापन दिवस पर शांतिकुंज हरिद्वार से आए ऋषिपुत्र प्रखर वक्ता योगेश पटेल ने कही। हजारों की संख्या में आये माँ गायत्री के भक्तों को उन्होंने कहा कि इन दिनों चारों ओर जितने भी संकट, जितनी भी समस्याएँ दिखाई देती हैं, उनके मूल को खोजें तो विदित होगा कि आज का संकट आस्थाओं का संकट है। श्री राम शर्मा आचार्य के संदेश को उन्होंने बताया कि इस बार नवयुग की, युग गायत्री की अवतरण प्रक्रिया असुरता के उन्मूलन और देवत्व के उदय के सनातन उद्देश्य से पूर्ण है । परिस्थितियों के अनुरूप उस चेतना के उदय हेतु प्रयासों का स्वरूप भी भिन्न होगा। अवांछनीयता, असुरता को निरस्त करने का यह धर्म युद्ध धर्मक्षेत्र में, अंतःकरण की गहराई में उतरकर लड़ा जाना है। जनमानस के परिष्कार द्वारा आस्थाओं के परिशोधन द्वारा नवयुग के निर्माण में ग्वाल-वालों की रीछ-वानरों की भूमिका निभाने के लिए हर जागरूक व्यक्ति को आगे आना होगा। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन और ग्राम कोचवाय सहित आस पास के ग्रामीणों के सहयोग के साथ गायत्री परिवार गरियाबंद के चारो ईकाई के प्रायास से राष्ट्र जागरण हेतु 24 कुण्डीय महायज्ञ के साथ प्रज्ञा पुराण का कार्यक्रम जिला मुख्यालय गरियाबंद से 6 किलोमीटर दूर ग्राम कोचवाय में दिव्य आयोजन सम्पन्न हो रहा था। इसमें संस्कार ,

■ ग्राम कोचवाय में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ और प्रज्ञा पुराण का समापन

पुरपुंसवन, विद्यारंभ, मुंडन , दीक्षा के साथ आज पूर्णाहूति कर टोली विदाई किया गया। कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू पूर्व सांसद चंदूलाल साहू मुरलीधर सिन्हा जिला पंचायत सदस्य फिरतू राम कंवर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष युगल किशोर पांडे भी शामिल हुए।



## श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का हो जाता है क्षय

पाटसिवनी (पिपरहट्टा)। ग्राम पाटसिवनी में साहू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन बुधवार को राष्ट्रीय कथाव्यास ब्रह्मवादिनी भारती यामिनी देवी ने भक्तों को जड़ भरत चरित्र, गजेंद्र मोक्ष, राम एवं कृष्ण जन्मोत्सव, भगवान वामन अवतार प्रसंग सुनाया। कथा वाचक कथा व्यास भारती यामिनी देवी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा सुनने से मनुष्य के कई जन्मों के पापों का क्षय हो जाता है। हमें भागवत कथा सुनने के साथ साथ उसकी शिक्षाओं पर भी अमल करना चाहिए। उन्होंने बताया कि, वामन अवतार के रूप में भगवान विष्णु ने राजा बलि को यह शिक्षा दी कि दंभ तथा अंहकार से जीवन में कुछ भी हासिल नहीं होता और यह धनसंपदा क्षणभंगुर होती है। इसलिए इस जीवन में परोपकार करो। उन्होंने कहा कि अहंकार, गर्व, घृणा और ईर्ष्या से मुक्त होने पर ही मनुष्य को ईश्वर की कृपा प्राप्त होती है। ईर्ष्यालु व्यक्ति अपने जीवन में कभी तरक्की नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि यदि अपना उद्धार करना चाहते हो तो परोपकार में अपना जीवन लगाओ, जिससे तुम्हारा कल्याण होगा। कथा का आयोजन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक किया जा रहा है। कथा श्रवण करने के लिए रोजना बड़ी संख्या में महिला-पुरूष पहुंच रहे हैं।

## भगवान श्रीराम हम सबके आराध्य देव, 22 को अयोध्या में राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा



**राजिम।** श्री श्री मारुति यज्ञ समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा लगातार 15 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। मारुति यज्ञ का आयोजन एक जनवरी से प्रारंभ होकर तीन जनवरी को समापन हुआ। तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू एवं अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू किए। बुधवार को हवन, पूजन एवं पूर्णाहुति यज्ञकर्ता स्वामी सिद्धेश्वरानंद महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। अतिथियों ने प्रभु श्रीराम व हनुमान जी की पूजा अर्चना कर सबके कल्याण की कामना की। मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रभु श्रीराम हम सबके आराध्य देव हैं लेकिन वे भी हनुमान जी के बिना अपूर्ण हैं। बजरंग बली भगवान से हमें, बलशाली और नारी अस्मिता की रक्षा करने की प्रेरणा मिलती है।पूरे रामायण काल के कई प्रसंगों का साक्षी हमारा छत्तीसगढ़ है और इन प्रसंगों में प्रभु श्रीराम के साथ उनके अनन्य भक्त हनुमानजी भी साथ रहे हैं। भगवान हनुमान जी को समर्पित इस यज्ञ में आहूति करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। आज हनुमान जी आ गए हैं इस महीने की 22 तारीख को श्रीराम जी भी आने वाले हैं। 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम जी के जन्मस्थान अयोध्या में भव्य राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। उस दिन सभी घरों में दीपक से रौशनी और रंगोली सजाकर प्रभु श्रीराम का स्वागत करें। इस दिन को दीपावली त्यौहार के जैसा भव्य रूप से मनाएं। हम सब पर प्रभु श्रीराम और हनुमान जी का आशीर्वाद बना रहे। इस अवसर पर सरपंच भावना देवांगन, उपसरपंच धनंजय साहू, पूर्व सरपंच पुराणिक साहू, चेमन धीवर, कमलनारायण साहू, तुकाराम तारक, रेखराम तारक, महेंद्र देवांगन, किशोर साहू,विजय कंडरा, नेहरू साहू, राजू साहू, सावंत साहू, देवनाथ साहू, हिच्छू हिरवानी, कौशल साहू देवलाल साहू, हरिचंद्र साहू आदि सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

## अयोध्या से आए अक्षत कलश घर-घर में देकर कर रहे सभी को आमंत्रित



**मुड़ागांव(कोरासी)।** अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार है। यहां आगामी 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए देशभर में राम भक्तों को पीला चावल देकर आमंत्रित किया जा रहा है। इसके साथ ही गांव-गांव तक अयोध्या से आए अक्षत कलश को भेजकर कर आमंत्रित किया जा रहा है। जिसकी जिम्मेदारी सर्व हिन्दू समाज को दी गई है।

20 दिसंबर को अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश को राम जानकी मंदिर खड़मा में रखा गया था। 29 दिसंबर शुक्रवार को गांव गांव से हिंदू धर्मप्रेमी एवं विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ताओं को बुलाकर कलशों को गांव गांव पहुंचाने का काम रामजानकी मंदिर में पूजा-पाठ आयोजन कर किया गया है। इस दौरान रानीपरतेवा मंडल के 14 गावों के कार्यकर्ता मंदिर पहुंचे। जहां से कलश और राम भगवान के मंदिर के चित्र व पत्रक लेकर गांव के लिए रवाना हुए है। 1 जनवरी से 15 जनवरी तक यह अभियान चलाया जाएगा। यह कलश रानीपरतेवा मंडल के अंतर्गत ग्राम खड़मा से द्वारतरा, करचाली, देवसरा, कुरेकेरा, बम्हनी, करकरा, बोड़राबंधा, खुड़यिाडीह, देवगांव, परसदा, पिपरहट्टा तथा कोरासी में भेजे गए है। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुखों ने बताया कि सैकड़ों वर्षों के संघर्ष के बाद सनातनियों का सपना पूरा हो रहा है। अयोध्या में भगवान श्री राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार है। जहां आगामी 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के साथ ही श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए पहुंचने का क्रम आरंभ हो जाएगा। श्रदालु मार्च महीने में ही दर्शन के लिए जा सकते है। इसके साथ विश्व हिन्दू परिषद के विभाग सभी सनातनियों को कम से कम एक बार यह प्रयास अवश्य करना चाहिए कि अयोध्या पहुंचकर भगवान रामलला के दर्शन कर अपने जीवन को धन्य करें।

## अक्षत कलश, नववर्ष को लेकर एक सप्ताह हुई पूजा- अर्चना, नववर्ष में सामूहिक भोज का आयोजन




**छुरा।** ग्राम गिधनी अक्षत कलश को लेकर गांव के बजरंगबली के मंदिर में सुबह शाम ,पूजा, अर्चना भजन का कार्यक्रम चला रहा एवं यहां पर चावल वितरण एवं अन्य कार्यक्रम बाजे गाजे के साथ सभी महिला पुरुष पीला वस्त्र धारण किए हुए गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सभी महिला पुरुषों में एक दिन पूरे काम बंद करके अक्षत कलश का वितरण किया गया। साथ ही साथ प्रत्येक घरों में अक्षत कलश रखने वाले महिलाओं का पांव धोकर उनका स्वागत किया गया। अक्षत को नए कपड़ा, आंचल में लेकर पूजा कक्ष में रखा गया। ग्राम गिधनी की आबादी लगभग 350 के आसपास है जहां पर पांच वर्षों से रामायण का कार्यक्रम होता है जिसमें तीन दिन तक पूरे गांव के लिए भंडारा की व्यवस्था रहती है। रामायण के साथ-साथ प्रत्येक समाज को प्रमुखों को बुलाकर सामाजिक समरसता का एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। जिसमें यह विषय रहता है कि सभी समाज मिलकर एक साथ सामाजिक बुराइयों का सामना कैसा करें और समाज में एक आदर्श समाधान कैसे हो ?इस विषय को लेकर सामाजिक समरसता का कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जिसमें विभिन्न समाज प्रमुखों को आमंत्रित किया जाता है। ग्राम के प्रमुख छत्तर सिंह ठाकुर ने कहा कि उनका उद्देश्य है कि गांव एक आदर्श ग्राम का निर्माण हो ,जहां नशा मुक्ति ,स्वच्छता ,शिक्षा हो एवं गांव का प्रत्येक व्यक्ति अपने जिम्मेदारी के लिए हमेशा तैयार रहे और प्रत्येक कार्यों के लिए एक आदर्श स्थापित करें, उनका निरंतर प्रयास है।



# दबनई में विचारगोष्ठी का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

शासकीय प्राथमिक शाला दबनई में नारी सशक्तिकरण की प्रतिमूर्ति भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, प्रथम महिला विद्यालय एवं किसान विद्यालय की संस्थापिका सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानपाठक रंजीत सिंह एवं शिक्षक विनय कुमार साहू ने सावित्रीबाई फुले के जीवन की प्रमुख घटनाओं बालिका शिक्षा और समाज सुधार के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। बच्चों को सावित्रीबाई फुले के आदर्शों पर चलने एवं जाति धर्म के भेदभाव से मुक्त विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में शिक्षक चिंताराम नेताम, धर्मेन्द्र ठाकुर, लता नेताम, शिवगीता, कुलेश्वरी नेताम, नंदनी राठौर एवं छात्र- छात्राएं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# विधायक ध्रुव सुखा नदी में एप्रोज को लेकर अधिकारी और ठेकेदार पर भड़के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव बुधवार को ग्राम अमलीपदर क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। सुखा नदी में करोड़ों की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है। पुल निर्माण कार्य के अफसरों एंव ठेकेदार द्वारा एप्रोज मार्ग नहीं बनाने के कारण आए दिनों आने जाने वाले हजारों लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोग दुर्घटना के शिकार भी हो चुके हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने इसकी शिकायत विधायक से की। विधायक ध्रुव ने तत्काल मौके पर पहुंचकर संबधित विभाग के अधिकारी एवं ठेकेदार पर जमकर नराजगी जताते हुए 10 दिनों के भीतर सुखा नदी में एप्रोज मार्ग बनाने को कहा है। यदि 10 दिनों के भीतर एप्रोज मार्ग नहीं बनाया गया तो यही पर बैठकर धरना देंगे। निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ करने कहा है।



अमलीपदर स्थित अस्पताल का निरीक्षण किया। यहां डॉक्टर अन्य स्टाफ की कमी को लेकर जल्द ही उच्च अधिकारियों से बात कर समस्याओं के समाधान करने की बातें कहीं। है।

### पहली बार पहुंचे विधायक के स्वागत में उमड़े लोग

विधायक निर्वाचित होने के बाद अमलीपदर क्षेत्र के दौरे पर आज जनक ध्रुव पहली बार पहुंचे। ग्रामीणों ने गाजे बाजे आतिशबाजी से ऐतिहासिक स्वागत किया। दो किलोमीटर तक रोड शो कर जनता का आभार व्यक्त किया।

इस दौरान जीप के ऊपर सवार होकर सभी का अभिनंदन किया। संबोधन में विधायक ध्रुव ने कहा कि बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र की जनता ने जिस उम्मीद और विश्वास के साथ उन्हें विधायक चुना है। उनकी उम्मीदों का वे खरा उतरेंगे। इस क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए हमेंशा संघर्ष करेंगे।

### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अमलीपदर अध्यक्ष ललिता यादव, भुपेन्द्र मांझी, जिला महामंत्री चिराग अली, सरपंच सेवन पुजारी, गोवर्धन ताम्रकर, श्रवण शतपति, हरी यादव, पंकज मांझी, अनुराग वाघे, वासुदेव बिसी, नेयाल नेताम, ओमप्रकाश जोशी, अमृत पटेल, निरांकर पांडे, उत्तम श्रीवास, जीवन यादव, कैलाश बघेल, दामोदर सोरी, अनमोल बघेल, राजकुमार सोनवानी, अनिरूध्द मिश्रा, छत्तर यादव, मधुराम, मुकेश दीवान, गौतम यादव, भुमिकांति नागेश, ईशो पाडें, जगन्नाथ निर्मलकर, चिंताराम नागेश, योगेन्द्र धुरव, जयसिंह, मनोज पांडेय, केशु सिन्हा, सुग्रीव साहू, हरि महंती, भीमसेन पांडे, भनजीत साहू, अरूण सोनवानी, भुने”वर बघेल, चित्रंश सहित अमलीपदर, गुरजीभाठा, मटिया, भेजीपदर, छैलडोंगरी से हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री मोदी ने घर- घर शौचालय बनाकर दिया स्वच्छता का उपहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा।

शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी के प्रांगण विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 2 जनवरी को किया गया। शासन के लगभग 32 विभागों का स्टाल लगाकर लोगों के समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया। जिसमें प्रमुख विभाग आयुष्मान भारत कार्ड, जनपद पंचायत, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्कुल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग, वन विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान,कृषि,लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी, राजस्व,खाद्य,डाक विभाग,प्रधानमंत्री आवास योजना आदि प्रमुख विभागों में समस्याओं से निजात पाने लाभ लेने वाले लोगो का भीड़ इन विभागों के स्टाल पर रहा।

कार्यक्रम के शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारतमाता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पूजा अर्चना के साथ हुआ। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम भेंडरी में मुख्य अतिथिपूर्व सांसद चंदूलाल साहू,अध्यक्षता जनपद सदस्य दीपक साहू ने की विशेष अतिथि के रूप में सरपंच मोहन लाल साहू,उपसरपंच आनंद साहू,जौन्दी के पूर्व सरपंच टिकमलाल साहू,बूथ अध्यक्ष भूषण लाल साहू,लखनलाल साहू,पोषण साहू,समस्त पंचगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चंदूलाल साहू द्वारा उपस्थित अधिकारी कर्मचारी एवं जनसमुदाय को विकसित भारत के संकल्प का शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याण के योजनाओं का प्रशंसा करते हुए कहा कि किसी ने सपने में भी नही सोचा था की घर घर मे शौचालय निर्माण कर स्वच्छता के साथ महिलाओं को सम्मान के रूप में उपहार दिया। मोदी जी ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनाकर सम्भव कर दिया, जिसकी प्राण प्रतिष्ठा 22जनवरी को होगी। हमारे छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भगवान राम के दर्शन करने जाने वाले लोगो के लिए विशेष व्यवस्था किया जाएगा आप सब तैयार रहें। मोदी जी को छत्तीसगढ़ के 11 लोकसभा सीट जीत कर देने संकल्प लें। उन्होंने विभिन्न समस्याओं के प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण मंच पर विभागीय अधिकारियों को सामने बुलाकर किया साथ धान बोनस ,प्रधानमंत्री आवास, उज्वला गैस,बिहान,कार्यक्रम के लाभान्वित हितग्राहियों से भी बात किया जिसका जन मानस पर अच्छा प्रभाव पड़ा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए दीपक साहू जनपद सदस्य ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण सरपंच मोहनलाल साहू द्वारा दिया गया। डॉ. वी के हिरौदिया द्वारा स्वास्थ्य विभाग, बी एल साहू द्वारा कृषि विभाग, एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा अपने अपने विभाग की जानकारी क्रमशः दिया गया।प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसे अतिथियों द्वारा सराहा गया। शासन के योजनाओं के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायत भेंडरी सरपंच मोहन लाल साहू सचिव झम्मन पटेल को प्रसंशा पत्र मोमेंटो भेटकर सम्मानित किया गया। साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा में हितग्राहियों एवं अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों एवं बिहान योजना के कार्यकर्ता वेदलता गोस्वामी, चमेली साहू,सरोज गोस्वामी, तीजन घोघरे, दामिनी साहू उत्कृष्ट शिक्षण कार्य के लिए राज्यपाल शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत प्रधानपाठक भागचंद चतुर्वेदी, चन्द्रभूषण साहू,रेखराम निषाद लालजी सिन्हा, टीकूराम ध्रुव, प्रदीप साहू शोभा देवांगन सहित सभी शिक्षकों को प्रशंसा पत्र भेटकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। संकल्प यात्रा के नोडल अधिकारी संजीव गुप्ता अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी विभाग फिंगेश्वर उपस्थित रहकर मार्गदर्शन करते रहे। कार्यक्रम का संचालन जनपद पंचायत फिंगेश्वर से अधिकृत सचिव हुकूमत साहू द्वारा किया गया। आभार व्यक्त सचिव झम्मन पटेल द्वारा किया गया।




### इनकी रही सहभागिता

कार्यक्रम में जनपद पंचायत फिंगेश्वर के उपाध्यक्ष योगेश साहू,जनपद सदस्य दीपक साहू,धनीराम साहू,धनंजय साहू,पोषण साहू,बुदेश साहू,गिरधारी साहू,फंग्गु रामध्रुव,तुलेश्वरी साहू,इंदाणी साहू,दयाबाई साहू,कुमारी ध्रुव,मनीषा साहू,कल्पना ध्रुव,यशोदा साहू,त्रिवेणी साहू,देवकुंवर ध्रुव,कुन्ती बाई ,रमेश कुमार देवदास, छन्नू कुर्रे,लोकनाथ साहू,वेदव्यास साहू,वेदलता गोस्वामी, चमेली साहू,कन्हैया ध्रुव,पुरुषोत्तम साहू,होरीलाल साहू,टाकेश्वर साहू,समस्त पंचगण,समस्त ग्रामीण, बच्चों एवं शिक्षकों का सहभागिता रहा।

## पेज 9 के शेष

### चरित्र संदेह पर ...

प्राणघातक हमला कर सिर दाहिना हाथ, बायें पैर व पीठ में चोट पहुंचाई है। प्रार्थी के रिपोर्ट एवं प्रथम दृष्टिया संज्ञेय अपराध का पाए जाने पर आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी मैनपुर एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों की भूमिका सराहनीय रही।

### राजिम भक्तिन माता...

साहू ,मालक साहू जिला अध्यक्ष धमतरी अवनेंद्र साहू, महासचिव हेमंत साहू, राजिम भक्ति मंदिर समिति के पूर्व अध्यक्ष डॉ महेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक अनुशासन साहू, हरीश साहू, उपाध्यक्ष राकेश साहू, कुलेश्वर साहू, ओंकार साहू, तहसील साहू संघ के अध्यक्ष रामजी साहू बेलर परिक्षेत्र अध्यक्ष प्रवीण साहू, छुरा परिक्षेत्र अध्यक्ष नरोत्तम साहू,फलेन्द्र साहू, सलाहकार कुंजबिहारी साहू, मिंजून साहू, राजिम भक्तिन मंदिर के डॉ रामकुमार साहू, लोकनाथ साहू, ईश्वरी साहू, राकेश साहू रावड़ सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## भैरा स्कूल के प्रधानपाठक ने विद्यार्थियों को बांटे बैग



**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भैरा के प्रधान पाठक तेजराम जांडेकर ने नव वर्ष 2024 में विद्यालय में समस्त विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराकर सभी बच्चों को स्कूल बैग का वितरण अपनी ओर से किया। प्रति नववर्ष में प्रधानपाठक द्वारा बच्चों को मोजा जूता टाई प्रदान किया जाता है। इस दौरान शाला प्रबधन समिति के अध्यक्ष भुगेश कुमार यदु चमन दीवान नंदकुमार यदु रितेश यदु एवम शिक्षक गण कोमल सिन्हा रामगोपाल दीवान राकेश साहू देवेंद्र साहू हेमबाई सुनीता दीवान आदि गांव के प्रमुखजन उपस्थित थे।

## बागबाहरा शिक्षा अधिकारी की कार ने मारी टक्कर

**महासमुंद।** बागबाहरा में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (बीईओ) द्वारा कार को ठोकर मारने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी केके वर्मा और उनका ड्राइवर गलत दिशा से गाड़ी लहराते हुए आ रहे थे। इस दौरान उन्होंने खड़ी गाड़ी को टक्कर मार दी। जिसकी कार को ठोका गया है, उसने बीईओ के साथ वीडियो रिकॉर्ड किया है, जिसमें बीईओ और ड्राईवर नशे में लग रहे हैं और गाड़ी को ठोकर मारना बताया जा रहा है। वीडियो के मुताबिक सामने से बीईओ की अनियंत्रित गाड़ी आती देख इको स्पोर्टस चालक ने अपनी गाड़ी रोक ली, जिसके बाद भी सामने से आ रही बीईओ की कार ने उसे ठोकर मार दी।

**निधन**

## भगवानी राम ध्रुव

**नवापारा-भेण्डरी।** परेवाडीह निवासी भगवानी राम ध्रुव उम्र 94 वर्ष का आज निधन हो गया। वे ललित ध्रुव के पिता थे। अंतिम संस्कार ग्राम परेवाडीह में हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में रिश्तेदार, सामाजिकजन व ग्रामवासी मौजूद रहे।



### जयंती : महिलाओं के उत्थान के लिए किए थे कार्य

# शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी में प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की मनी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी संकुल केंद्र लोहरसी में प्रथम शिक्षिका माता सावित्री फुले की जयंती के अवसर पर उनके छाया चित्र में पुष्प अर्पित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत प्रधानपाठक भागचंद चतुर्वेदी ने बताया कि वे कर्मठ समाजसेवी थी। जिन्होंने समाज के पिछड़े वर्ग खासतौर पर महिलाओं के लिए अनेक कल्याणकारी काम की। कविताओं के लिए भी उन्हें जाना जाता है। उनका जन्म महाराष्ट्र सतारा जिले के नायगाँव में 3 जनवरी 1831 को हुआ था। पिता का नाम खण्डोजी नेवसे और माता का नाम लक्ष्मीबाई था। सन 1840 में मात्र नौ वर्ष की आयु में ही उनका विवाह बारह वर्ष के ज्योतिबा फूले से हुआ। महात्मा ज्योतिबा फूले स्वयं एक महान विचारक, कार्यकर्ता, समाज सुधारक, लेखक, दार्शनिक, संपादक और क्रांतिकारी थे। सावित्रीबाई पढ़ी-लिखी नहीं थीं। शादी के बाद ज्योतिबा ने ही उन्हें पढ़ना-लिखना सिखाया। बाद में सावित्रीबाई ने पिछड़े समाज की ही नहीं, बल्कि देश की प्रथम शिक्षिका होने का गौरव प्राप्त किया। उस समय लड़कियों की दशा अत्यंत दयनीय थी पढ़ने लिखने की अनुमति तक उन्हें नहीं थी। इस रीति को तोड़ने के लिए ज्योतिबा और सावित्रीबाई ने 1848 में लड़कियों के लिए एक विद्यालय की स्थापना किया। भारत में लड़कियों के लिए खुलने वाला यह पहला महिला विद्यालय था। सावित्रीबाई फुले कहा करती थी कि अब बिलकुल भी खाली मत बैठो, शिक्षा प्राप्त करो!



**ये रहे मौजूद** कार्यक्रम में शिक्षक लालजी सिन्हा, टीकूराम ध्रुव,रेखराम निषाद बाल केबिनेट रूपेंद्र साहू,देवव्रत साहू,कुणाल सेन,करण साहू,रणवीर साहू,दिव्या साहू,हर्षिता साहू,लुप्ताजंली गोस्वामी, लक्ष्मी साहू,हेमलता साहू ,युस्मिति साहू,तृषा साहू सहित बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### संघर्ष प्रेरणादायकः चतुर्वेदी

श्री चतुर्वेदी ने बताया कि अंग्रेजों के जमाने में सावित्रीबाई फुले ओबीसी महिला होते हुए भी हिन्दू समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया वह अभूतपूर्व और प्रेरणादायक है। सावित्रीबाई फूले विद्यालय में लड़कियों को पढ़ाने के लिए जाती थीं पर उस समय आसान नहीं था। उन्हें लोगों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ता था। लोगों की गालियाँ सुनी, पत्थरों की मार तक झेलनी पड़ी। बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। अपना अभियान स्त्री शिक्षा, समाज उत्थान जारी रखा। विधवा पुनर्विवाह की भी शुरूआत की और 1854 में विधवाओं के लिए आश्रम भी बनवाया। नवजात शिशुओं के लिए भी आश्रम खोला ताकि कन्या शिशु हत्या को रोका जा सके। विधवाओं की स्थिति को सुधारने और सती-प्रथा को रोकने व विधवाओं के पुनर्विवाह के लिए भी उन्होंने बहुत प्रयास किए।

सावित्रीबाई फूले ने अपने पति के साथ मिलकर काशीबाई नामक एक गर्भवती विधवा महिला को न केवल आत्महत्या करने से रोका अपितु उसे अपने घर पर रखकर उसकी देखभाल की। बाद में उसके पुत्र यशवंत को दत्तक पुत्र के रूप में गोद ले लिया और खूब पढ़ाया-लिखाया जो आगे चलकर एक प्रसिद्ध डॉक्टर बना। सावित्रीबाई फूले दो काव्य पुस्तकें भी लिखीं। पुणे में उन्होंने 18 महिला विद्यालय खोले। एक अनाथ-आश्रम भी खोला, यह भारत का पहला अनाथ-आश्रम था। वे जीवन भर निम्न जाति, महिलाओं और पिछड़े शोषितों के उद्धार के लिए कार्य किया। देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा।

# जेंजरा में ग्राम रक्षा समिति का गठन



**कोपरा।** नया सवेरा योजना अंतर्गत पुलिस गांव- गांव जाकर लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में जागरूक कर रही है।

- नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में ग्रामीणों को किया जागरूक

गरियाबंद पुलिस कप्तान अमित तुकाराम कामले के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डी.सी. पटेल ने बुधवार को थाना राजिम क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जेंजरा में ग्रामीणों से रूबरू हुए। गांव के संबंध में चर्चा की। साथ ही साथ गांव में हो रहे अवैध शराब बिक्री के संबंध में पूछताछ करते हुए प्रतिबंधित करने महिला एवं पुरुषों की एक ग्राम रक्षा समिति का गठन किया।

समिति द्वारा गांव में हो रही अवैध शराब बिक्री एवं अन्य गतिविधियों में संलिप्त लोगों के संबंध में जानकारी देने पर संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। गरियाबंद पुलिस द्वारा मोबाइल नंबर 6266956736 जारी किया गया है। जिस पर किसी भी के द्वारा शिकायत करने पर उस व्यक्ति की संपूर्ण जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि अब इसी प्रयास को और प्रभावी एवं लोगों को और संगठित करते हुए नशा के अवैध व्यापार पर पूर्णतः अंकुश लगाने एवं नशा के दुष्प्रभाव के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु समय-समय पर जिले के इसी प्रकार अन्य गांव को चिन्हित कर लोगों की समिति बनाकर और पुलिस की आवश्यक कार्रवाई को और प्रभावी एवं संगठित कर जिले में नशे के हो रही अवैध व्यापार को रोक लगाई जाएगी।



# ओडिशा से आ रहा 55 कट्टा अवैध धान पुलिस ने पकड़ा

**छुरा।** ओडिशा से थाना छुरा अन्तर्गत सीमा से लगे ग्रामों में अवैध धान परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी प्रवीण भारती के नेतृत्व में 55 कट्टा अवैध धान जब्त किया गया। कार्रवाई में धान लाने वाले वाहन को भी जब्त कर लिया गया है।

थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी प्रवीण भारती के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा बगहनी नदी कमारपारा चरौदा में दीगर प्रांत ओड़िसा की ओर से आ रहे अशोक लि-लैंड डस्ट प्लस कंमाक सी०जी० 06 जी0बी0 7278 को रोका गया। वाहन की जांच करने पर धान भरा हुआ पाया गया। वाहन चालक से पूछताछ करने पर चारपहिया वाहन चालकों ने अपना नाम गोकुल राम नीलवंशी पिता स्व० मांझीबुड़ा नीलवंशी उम्र 43 वर्ष साकिन कांदागढ़ी, ग्राम पंचायत मोंगरा, पोस्ट, कोसमी, थाना छुरा जिला गरियाबंद बताया। लि-लैंड डस्ट प्लस कंमाक सी0जी0 06 जी0बी0 7278 में लोड 55 कटटा धान बोरी को दीगर राज्य ओडिशा से लाना बताया। उसने बताया कि उक्त धान का स्वामी गोकुल राम नीलवंशी पिता स्व० मांझीबुड़ा नीलवंशी उम्र 43 वर्ष साकिन कांदागढ़ी, ग्राम पंचायत मोंगरा, पोस्ट, कोसमी, थाना छुरा जिला गरियाबंद है। धान के संबंध में वाहन चालकों से दस्तावेज पेश करने कहा गया।मौके पर किसी प्रकार का वैध दस्तावेज नहीं होना बताया। पंचनामा उपरांत वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी प्रवीण भारती के नेतृत्व में प्रआर० 261 लक्ष्मण चन्द्रवंशी, आर. 441 डिगेश्वर साहू, आर0 580 रिजवान कुरैशी, व आर0 784 टिकेश्वर यादव शामिल रहे।



# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीयन होगा 15 तक

- वर्ष 2023-24 में अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को दी जाएगी

**गरियाबंद।** शैक्षणिक सत्र 2023-24 में गरियाबंद जिला अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय तथा अशासकीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय के संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते हैं। शिक्षा सत्र 2023-24 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं उच्चतर के पंजीयन, स्वीकृत एवं वितरण की कार्रवाई ऑनलाइन की जा रही है। जिसके ऑनलाइन हेतु नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन हेतु 15 जनवरी तक तिथि निर्धारित है। वहीं ड्राफ्ट प्रस्ताव लॉक करने हेतु 25 जनवरी और स्वीकृति आदेश लॉक करने के लिए 10 फरवरी तक तिथि निर्धारित है। उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात शिक्षा सत्र 2023-24 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति ऑनलाईन आवेदन हेतु पोर्टल बंद कर दिया जाएगा। ड्राफ्ट प्रस्ताव एवं स्वीकृति आदेश लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक कार्रवाई पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते हैं, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वतः जिम्मेदार होंगे। पीएफएमएस के माध्यम से आधार आधारित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति का भुगतान किया जा रहा है। अतः सभी विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन करते समय ध्यान रखें कि उनका बचत खाता एक्टिव हो एवं आधार सीडेड बैंक खाता नम्बर की प्रविष्टि ही करना सुनिश्चित करें। सत्र 2023-24 से विद्यार्थियों द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु किए गए आवेदन का सत्यापन आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से किया जाना है। विद्यार्थी आधार नम्बर पर पंजीकृत मोबाइल नम्बर की प्रविष्टि आवेदन करते समय करना सुनिश्चित करें।

**कार्यालय कलेक्टर (विवाह शाखा)**
**गरियाबंद (छत्तीसगढ़)**
**// सार्वजनिक सूचना //**

क्रमांक / क- 4854 विवाहअधि. /2023
गरियाबंद, दिनांक 05/12/203

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री योगेश्वर निषाद पिता श्री तीजूराम निषाद निवासी ग्राम सरकड़ा तहसील छुरा जिला गरियाबंद (पति) एवं आवेदिका श्रीमती धनेश्वरी मारकंडे पिता श्री राजकुमार मारकंडे निवासी ग्राम सरकड़ा तहसील छुरा जिला गरियाबंद (पत्नि) ने हिन्दु विवाह अधिनियम के अधीन अपने विवाह के रजिस्ट्रीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त विवाह के रजिस्ट्रीकरण में आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 05/01/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही किया जावेगा।

आज दिनांक 05/12/2023 को इस कार्यालय के मुद्रा सहित जारी किया गया।

**विवाह अधिकारी**
मुहर **जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

# ऊषापान से करना चाहिए दिन की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

शासकीय आदिवासी कन्या छात्रावास में निःशुल्क तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। योगविद् अर्जुनधनंजय सिन्हा एवम योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा के द्वारा छात्रों को योग अभ्यास कराया जा रहा है।

सर्व प्रथम योगाचार्य मिथलेश सिन्हा द्वारा उन्हें मंत्रोच्चार के साथ सत्र का प्रारंभ कराया गया। सूक्ष्म अभ्यास योगिक जॉगिंग एवम योगिक नृत्य जुंबा ,ताड़ासन , तिर्यक ताड़ासन, ध्रुवासन, बज्रासन आध्यात्मिक भजन का अभ्यास करते हुए बताया गया कि सही विधि से योगाभ्यास करने से हमें फायदा जरूर होगा। योगविद अर्जुन धनंजय सिन्हा के द्वारा छात्रों को प्राकृतिक चिकित्सा के बारे में बताते हुए कहा कि हमें दिन की शुरुवात ऊषापान से करना चाहिए। भोजन के आधे घंटे बाद पानी पीना चाहिए। जितना हो सके अपक्व आहार मूली, गाजर, ककड़ी, अमरूद, मौसमी फल, सलाद आदि का सेवन करना चाहिए, योगविद् बच्चों को स्थित कोनासन, कोणासन, सिद्धासन, पद्मासन, चक्की चालन आसन, नौका चालन आसन, हास्यासन, सिंहासन, कपालभाती प्राणायाम, भस्त्रिका प्राणायाम, उदगीठ प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया। साथ ही उन्हें योग के सावधानियों से भी अवगत कराया। प्रतिदिन योगाभ्यास करने के लिए प्रोत्साहित किया।




Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133



आज दशगात्र



स्व.किसुनराम श्रीवास
जन्म- 01.09.53 • स्वर्गवास- 26.12.23

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति
श्री किसुनराम श्रीवास (सेवानिवृत शिक्षक)
का आकस्मिक निधन 26-12-2023 मंगलवार को हो गया है।
दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दशगात्र कार्यक्रम
में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है

कार्यक्रम : तालाब कार्यक्रम 04-01-2024 गुरूवार, समय : 12 बजे, स्थान : निज निवास फिंगेश्वर

शोकाकुल परिवार :-
शिवनंदन, झम्मन, नरोत्तम, गोविंद
दीनदयाल, बसंत, अशोक, श्यामू, जितेन्द्र
मोनू, चुरामन, उज्जवल (जीसी), यशराज, गुनीता, सेजल,
हर्षिता, राशि, दीपांशी, रूपाली एवं समस्त श्रीवास परिवार।

-: विनीत :-
श्रीमति हेमीन श्रीवास (पत्नि)
राजेश-कामिनी श्रीवास (पुत्र-पुत्रवधु) मो. 6263828072
जितेश-सिन्धु श्रीवास (पुत्र-पुत्रवधु) मो. 9131753680
गायत्री सेन पति अशोक सेन (बेटी दामाद)

नोटः जिस किसी सज्जन को आमंत्रण कार्ड प्राप्त नहीं हुआ है वह महानुभव इसे ही आमंत्रण स्वीकार करें।

## खबर संक्षेप

### संकल्प यात्रा पहुंचेगी तरीघाट, रोहिना, कुरूद आज



छुईहा बेलर। विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत तरीघाट, रोहिना, कुरूद में गुरुवार को पहुंचेगी। विधायक की प्रोटोकॉल के अनुसार उक्त ग्राम में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन होगा। इसमें शासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होंगें। इसमें केन्द्रीय एंव राज्य योजनान्तर्गत को जनता के समक्ष रखेंगे। लाभान्वित हितग्राहियों उज्जवला, क्रेडिट कार्ड, पोषण आहार, बांटे जाएंगे।उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से राजिम विधायक रोहित साहू शामिल होगें। साथ वरिष्ठ भाजपा नेता, क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं भी उपस्थित रहेंगे।

### रामकृष्ण देशमुख को मिली पीएचडी की उपाधि



छुरा। रामकृष्ण देशमुख को भौतिकशास्त्र विषय के अंतर्गत रेयर अर्थ मैटेरियल पर लुमिनेसेंस में शोधकार्य के लिए आईएसबीएम विश्वविद्यालय, छुरा गरियाबंद से डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। इसके तहत उनके शोध प्रबंध सिंथेसिस एंड केरेकटेराइजेशन ऑफ रेयर अर्थ डोप्ड रेयर अर्थ सिलिकेट फॉस्फोर फॉर डिस्प्ले एंड डोसिमेट्री ने उन्हें डॉक्टरेट उपाधि दी। शोधार्थी ने इस विषय की महत्वपूर्णता को जताया, जिससे नए एलईडी डिवाइस और डोसिमेट्री सेंसर बनाने में मदद मिल सकती है, जिससे कम विद्युत खर्च में अधिक रौशनी हो सकती है। इस शोध कार्य को डॉ. एन कुमार स्वामी और डॉ. विकास दुबे के संयुक्त मार्गदर्शन में 28 दिसंबर को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।

### नीलकंठ बने आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष



छुरा। जिला गरियाबंद के छग सर्व आदिवासी समाज की जिम्मेदारी वर्तमान में प्रांतीय उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह ठाकुर को सौंपी है। वे जिला में कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अर्थात संयोजक बतौर कार्य करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। सामाजिक संगठन के नये जिम्मेदारी को श्री ठाकुर ने स्वीकार करते हुए प्रांतीय पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए हर संभव प्रयास करते हुए संगठन में और बेहतर मजबूती लाने का आश्वस्त किया।

### नया परिवहन कानून लादकर देशवासियों को परेशानी में डाल रही केंद्र सरकार



मैनपुर। हिट एंड रन को लेकर केंद्र सरकार के नए कानून को लेकर बस और ट्रक ड्राइवर्स देशभर में प्रदर्शन हुए। कांग्रेस नेता व जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने ड्राइवरों का समर्थन करते हुए प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस नए परिवहन कानून को रद्द करने की मांग करते हुए कहा कि केंद्र सरकार तरह तरह के कानून लादकर देशवासियों को परेशानी में डाल रही है। नए परिवहन कानून को लेकर देशभर में ड्राइवरों ने चक्काजाम कर दिया है जिसका खामियाजा देशवासियों को भुगतना पड़ा। कांग्रेस नेता संजय नेताम ने कहा कि कानून को वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल ही में नए परिवहन कानून बनाए हैं। जिसके तहत अगर कोई ट्रक या डंपर या बस चालक किसी शख्स को कुचलकर भाग जाता है तो उसे 10 साल की सजा हो सकती है। इसके अलावा उसके ऊपर लाखों रुपयों का जुर्माना लगाने का भी प्रावधान रखा गया है। इससे पहले आरोपी ड्राइवर को कुछ दिनों के भीतर जमानत मिल जाती थी हालांकि पुराने कानून में भी 2 साल की सजा का प्रावधान था लेकिन अब इसे बढ़ाकर 10 साल कर दिया गया है। जिसका विरोध देशभर में किया जा रहा है, इसलिए इसे वापस किया जाना चाहिए।

# 5 कक्षा..32 विद्यार्थी और एक शिक्षक, बच्चे कैसे करें परीक्षा की तैयारी?

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

अलग खबर

शासन द्वारा शिक्षा को लेकर विभिन्न प्रयोग किया जा रहे हैं किंतु अब तक स्कूलों में नियमित शिक्षक की व्यवस्था नहीं हो पाई है। इसका परिणाम यह है कि लगातार पढ़ाई प्रभावित हो रही है। साथ ही साथ वर्तमान में दीपावली छुट्टी, शीतकालीन अवकाश एवं चुनाव ड्यूटी के बाद स्कूल खुला है। उसके बावजूद भी एकल शिक्षक की स्थिति स्कूलों में पढ़ाई की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। कक्षा 1 से 5 तक की पांच कक्षाएं और उन्हें एक शिक्षक कैसे पढ़ाएंगे कल्पना की जा सकती है। वर्तमान में आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए मार्च के आसपास परीक्षा होने की संभावना है। वह क्या पढ़एगा और क्या परीक्षा लेगा ? वर्तमान में लगभग 11 शिक्षकों ने अपने पदोन्नति के पश्चात पदस्थापना को लेकर हाईकोर्ट से स्टे के पश्चात उन्हें उनके हिसाब से पदस्थापना दी जा रही है। उनके जाने के बाद कितने स्कूल एक शिक्षक की हो रही है। वर्तमान में प्राथमिक शाला सरायपाली यहां पर कक्षा 1 से लेकर 5 तक 32 बच्चे अध्ययनरत हैं।

**खास बातें**

- स्कूलों में नियमित शिक्षक की नहीं पाई है व्यवस्था
- प्राथमिक शाला सरायपाली में पढ़ाई हो रही प्रभावित



#### व्यवस्था बनाएंगे: बीईओ

विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएल मतवाले ने बताया की हाईकोर्ट के आदेश के पश्चात 11 शिक्षकों की पदस्थापना चल रही है। उसके पश्चात कितने स्कूल एक शिक्षक के हुए हैं, जांच करेंगे। कोठी गांव संकुल में पर्याप्त शिक्षक की व्यवस्था होगी तो एकल शिक्षक के विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था की जाएगी। संकुल में नहीं होने पर उन्हें जिला शिक्षा अधिकारी को सूचित कर उनकी अनुमोदन के पश्चात है वहां पर शिक्षक की व्यवस्था की जाएगी।

**आयोजन:** राजिम व बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का सम्मान

# कार्यकर्ताओं की मेहनत के कारण ही हासिल हो सका है मुझे यह मुकामः विधायक रोहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम विधायक रोहित साहू मंगलवार को एक कार्यक्रम आयोजित कर न केवल अपने विधानसभा क्षेत्र राजिम का दिल जीता बल्कि जिले के दूसरे विधानसभा बिंद्रानवागढ़ क्षेत्र के कार्यकर्ताओं का भी दिल जीतने में कामयाब रहे। राजिम क्षेत्र के लिए यह पहला अवसर था जब किसी निर्वाचित विधायक ने कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान रखने और सम्मानित करने के लिए बड़ा आयोजन रखा। शहर के प्रेम रतन पैलेस में जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र राजिम और बिंद्रानवागढ़ के कोई तीन हजार से ज्यादा कार्यकर्ता यहां पहुंचे। यहां आए कार्यकर्ताओं का उत्साह और जुनुन देखते ही बन रहा था। हर कोई अपने प्रिय विधायक रोहित साहू को फूल माला पहनाने और उनके साथ तस्वीर खिचाने की होड़ में नजर आए।

- विधानसभा क्षेत्र में होंगे गुणवत्तापूर्ण विकास कार्य

समारोह में विधायक श्री साहू ने सभी ईमानदार कार्यकर्ताओं का सम्मान करते हुए साफ-साफ कहा कि आप सबकी मेहनत ने रंग लाई हैं और आज मुझे यह मुकाम हासिल हुआ है। कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ है। वचन देता हूं कि देवतुल्य कार्यकर्ताओं का मान-सम्मान हमेशा बना रहेगा। कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता के सलाह व उनकी इच्छा के अनुरूप पूरे राजिम विधानसभा क्षेत्र में बहुत तेजी के साथ गुणवत्तापूर्ण ईमानदारी के साथ विकास कार्य होंगे। अपने उदबोधन में विधायक श्री साहू ने कार्यकर्ताओं के मेहनत और जुझारूपन की जमकर तारीफ किया कहा कि पार्टी को आपके ऊपर बहुत ही गर्व हैं। कुछ ही महिनो में लोकसभा का चुनाव है। महासमुंद लोकसभा क्षेत्र में पुनः जीत हासिल करना हैं। कार्यक्रम के समापन में विधायक श्री साहू ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर भोजन किया।







#### ये हुए शामिल

बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू,किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनीष हरित, सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू,पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर , राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष रेखा सोनकर, राजिम मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, फिंगेश्वर नगर पंचायत के अध्यक्ष जगदीश यादव, गरियाबंद नगर पालिका के अध्यक्ष गफ्फु मेमन, दीपक म्हस्के, राजिम भक्तिन समिति के अध्यक्ष लाला साहू, किशोर साहू,नगर पंचायत के सभापति ओमप्रकाश आडिल,महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अंजू नायक, विभा अवस्थी, सुश्री छाया राही, पुष्पा गोस्वामी, देवकी साहू, मधु नत्थानी, खुशी साहू, अनिता यादव, ध्रुव शर्मा, टंकु सोनकर, प्रवीण पुष्पाकर, अनुप भोसले, अनिल चंद्राकर, अजय अरोड़ा, सोमप्रकाश साहू,ओंकार साहू, महेश साहू, डॉ रामकुमार साहू, कुंजबिहारी साहू, भुनेश्वर साहू,ललित सिन्हा, संजीव चंद्राकर, शरद पारकर, किशोर देवांगन, सोमनाथ पटेल, नेहरू साहू, पकलु ठाकुर, रिकेश साहू, मनोज देवांगन, बोधन साहू, कमलेश साहू, किशन कंडरा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन जिला भाजपा उपाध्यक्ष अधिवक्ता महेश यादव ने किया।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वालों का किया जाएगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद




भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रतिवर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रिटर्निंग ऑफिसर, तहसीलदार, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को पत्र प्रेषित कर कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग की मंशा है कि निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी - कर्मचारी, संस्थाओं को उनके द्वारा 1 जनवरी 2023 के पश्चात संपादित उत्कृष्ट निर्वाचकीय कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए जिला एवं राज्य स्तर पर आयोजित होने वाल राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा।

- जिला स्तर पुरस्कार में बीएलओ पुरस्कार एवं प्रोफेसर नोडल ऑफिसर पुरस्कार मिलेगा

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के मंशा के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में क्रियाशील फोटोयुक्त मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता तिथि 01 अक्टूबर 2023 एवं मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण तथा छत्तीसगढ़ में सम्पादित विधानसभा निर्वाचन 2023 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी - कर्मचारी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी 2024 के कार्यक्रम में पुरस्कृत करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें जिला एवं राज्य स्तरीय पुरस्कार दिया जाएगा। इनमें जिला स्तरीय पुरस्कार में बीएलओ पुरस्कार एवं प्रोफेसर नोडल ऑफिसर पुरस्कार शामिल है। इसी तरह राज्य स्तरीय पुरस्कार में प्रदेश में किसी एक जिला विशेष को राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ जिला पुरस्कार, स्वीप कार्ययोजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसी एक जिला को राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ जिला (स्वीप) पुरस्कार,उत्कृष्ट आरओ/एआरओ अधिकारी पुरस्कार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी पुरस्कार, निर्वाचन पर्यवेक्षक पुरस्कार, निर्वाचकीय कार्यो में उत्कृष्टता के साथ कार्य करने वाले व्यक्ति/संस्था/पदाधिकारी को राज्य स्तर पर विशेष जूरी पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ क्रियेटिव/स्लोगन तैयार करने वाले अधिकारी/कर्मचारी को राज्य स्तरीय प्रोत्साहन पुरस्कार, ईआरओ एवं एईआरओ पुरस्कार, सहायक प्रोग्रामर पुरस्कार एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर पुरस्कार शामिल है। इस पुरस्कार के नामांकन के लिए उप जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय गरियाबंद में जानकारी के साथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## साहू समाज तर्रा ने की विधायक से मुलाकात



गरियाबंद। ग्राम तर्रा के साहू समाज के ग्रामीण अध्यक्ष गिरधारी लाल साहू उपाध्यक्ष व्यास नारायण साहू भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला कार्यपालिका सदस्य नेपाल साहू एवम् टुकेश साहू ने राजिम विधायक रोहित साहू से मुलाकात किया। इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की गई।

## दो बाइक में भिड़त, कांग्रेस नेता ने घायलों को भेजा अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद- मैनपुर मुख्य मार्ग में आज दो बाइक में भिड़त होने से चार लोग गिरकर घायल हो गए। गरियाबंद के तरफ से मैनपुर वापस लौट रहे कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव ने तत्काल घायलों को उठाया और पानी पिलाया। साथ ही इलाज के लिए जिला अस्पताल गरियाबंद भेजने की व्यवस्था की।



# बाल अधिकारों के प्रति ग्रामीण महिलाओं को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

कचना धुरुवा महाविद्यालय रास्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवको ने ग्रामीण महिलाओं को बाल अधिकारों के प्रति जागरुक करने ग्राम सम्पर्क अभियान चलाया। रासेयो कार्यक्रम अधिकारी रेख राम कुर्रे के दिशा निर्देशन में सुरक्षित पारा सुरक्षित लईका मन विषय को लेकर छुरा प्रखंड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम तिलाई दादर, लोहझर, पंडरी पानी,जरगान्व,रवेली आदि ग्रामों के पारा,मुहल्लों में सम्पर्क अभियान के दौरान उपस्थित महिलाओ को बाल अधिकार के नियम, उनके महत्व, की जानकारी दी।

- सुरक्षित पारा, सुरक्षित लईका मन पर रासेयो स्वयंसेवकों ने चलाया अभियान

कार्यक्रम अधिकारी कुर्रे ने बताया कि 1959 में बाल अधिकारों की घोषणा की गई थी। जिसे 20 नवंबर 2007 में स्वीकार किया गया। बाल अधिकार नाबालिगों की देखभाल और विशिष्ट सुरक्षा के रूप में बच्चों को मिलने वाले व्यक्तिगत मानवाधिकारों को कहा जाता है, कोई भी व्यक्ति जिसकी आयु १८ वर्ष से कम है, जब तक कि नियम में परिभाषित वयस्कता को पहले प्राप्त नहीं किया हो, बच्चा कहलाता है। जिसके अंतर्गत, शिक्षा का अधिकार, खेलकूद, मनोरंजन, सांस्कृतिक गतिविधियां, सूचना प्राप्त करना, विचारों की चेतना और धर्म की स्वतंत्रता शामिल है। बाल अधिकार में जीवन का अधिकार, भोजन पोषण, स्वास्थ्य, विकास, शिक्षा, पहचान, नाम, राष्ट्रीयता, परिवार, मनोरंजन. बदसलूकी, सुरक्षा और बच्चों का गैर कानूनी व्यापार जैसे शामिल है। इस दौरान महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवक योगेन्द्र कुन्जाम, राधेश्याम, दुमेश्वर, जागृत गिरी, भरत कुमार, ठगेस ध्रुव, खिलेश्वर, दिनेश कुमार, सहित ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।






#### बच्चों का सम्पूर्ण विकास उद्देश्य

स्वयंसेवक श्यामा चरण जगत ने बताया की प्रत्येक बच्चे को जीवन, उत्तर जीवन एवं विकास का जन्मजात अधिकार है। इसके अन्तर्गत बच्चों की सुरक्षा, उनके स्वास्थय एवं उनकी शिक्षाका अधिकार सम्मिलित है। जिनका उद्देश्य बच्चे के व्यक्तित्व, योग्यता व मानसिक एवं शारीरिक क्षमताओं का सम्पूर्ण विकास है। सामाजिक सुरक्षा से पूर्ण लाभ प्राप्त करने का अधिकार सम्मिलित है।

## कलेक्टर ने गरिमामय तरीके से मनाने अधिकारियों की ली बैठक

# गणतंत्र दिवस समारोह के लिए सभी विभागों को सौंपे गए दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर आकाश छिकारा ने विगत दिवस कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी समारोह की तैयारी के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने गणतंत्र दिवस समारोह की सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभाग प्रमुखों को सौंपे जाने वाले दायित्वों के बारे सभी अधिकारियों को अवगत कराया गया।

- जिला स्तरीय समारोह में स्कूली बच्चे देशभक्ति एवं संस्कृति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रम की देंगे प्रस्तुति

बैठक में अपर कलेक्टर अविनाश भोई द्वारा जिले में गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में परेड, स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभागों के झांकी प्रदर्शनी जैसे अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर श्री छिकारा ने समारोह के सफल आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्था, मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, बेरिकेडिंग, साज सज्जा, परिवहन, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, पुरस्कार, निमंत्रण पत्र, प्रशस्ति पत्र, जैसे विभिन्न कार्यों का विभाग प्रमुखों को दायित्व सौंपते हुए तय समय में सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।



#### मुख्य समारोह पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में होगा

कलेक्टर ने बताया कि जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन पुलिस लाइन परेड ग्राउंड गरियाबंद में किया जाएगा। यहां सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। मुख्य समारोह में ध्वजारोहण, राष्ट्रगान, सलामी, झांकी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। तैयारियों का अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को सुबह 8.45 बजे किया जाएगा। कलेक्टर ने मुख्य समारोह में ग्राउंड व्यवस्था, साफ-सफाई, शामियाना, माईक व्यवस्था, कुर्सी, सोफा-सेट, गमले, वीआईपी के लिए पेयजल व्यवस्था, ध्वजारोहण, मंच की साज-सज्जा आदि की सभी व्यवस्था समय बद्ध तरीके से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### कोरोना प्रोटाकाल का कराएंगे पालन

कलेक्टर ने कहा कि कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए गणतंत्र दिवस समारोह में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत समारोह आयोजित किया जाएगा। मास्क लगाना और सामाजिक दूरी का पालन करना होगा। कलेक्टर ने बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय कार्यालयों व मुख्य समारोह में राष्ट्र ध्वज संहिता का पालन करते हुए पूरी गरिमा और सम्मान के साथ राष्ट्रध्वज फहराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

